कृषि क्षेत्र में निवेश बढ़ाने की शुरुआत

लखनऊ, विशेष संवाददाता। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह की उपस्थिति में लखनऊ के होटल ताज में डिजिटल कृषि और निर्यात प्रोत्साहन (डीएईपी) का शुभारंभ हुआ। साथ ही पहली कार्य समिति बैठक आयोजित हुई।

इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि डीएईपी का उद्देश्य राज्य में आधुनिक, तकनीक संचालित और निर्यात-उन्मुख कृषि बुनियादी ढांचे के विकास में निवेश को बढ़ावा देना है। डीएईपी कृषि मूल्य श्रृंखला और कृषि में डिजिटल नवाचारों के सभी पहलुओं से विशेषज्ञता और रणनीतिक इनपुट लाए इसके लिए उद्योग जगत से जुड़े हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रबंध निदेशक और सीटीओएस को परिषद के सम्मानित सदस्यों के रूप में आमंत्रित किया गया है।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शुक्रवार को डिजिटल कृषि निर्यात प्रोत्साहन की शुरुआत कर इस क्षेत्र में काम कर रहे लोगों को सम्मानित किया।

कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिजिटल इंडिया के तहत प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य किया जा रहा है। कृषि क्षेत्रों के विभिन्न क्षेत्रों एवं सेवाओं को डिजिटलीकरण किया जा रहा है, जिसका लाभ प्रदेश के किसानों को मिल रहा है।

इस मौके पर उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के किसानों के उत्पादों को विदेशों में एक नई पहचान मिल रही है। किसानों को विदेशों में उनके उत्पादों को पसंद किया जा रहा है तथा उनके उत्पादों का अच्छा मूल्य भी मिल रहा है।